शिव के प्यारे गणेश काटो विघन कलेश

शिव के प्यारे गणेश, काटो विघन कलेश ,
मेरे अंगना पधारो मैं तर जाऊंगा ,
इक दया की नजर आप करदो इधर,
मेरी बिगड़ी सुधारो मैं तर जाऊंगा ,

रिद्धि सिद्धि के दाता कहें आपको,
ज्ञान बुद्धि ज्ञाता कहें आपको,
कर के मूषक सवारी चले आइये,
मेरा जीवन सँवारो, मैं तर जाऊंगा,

लड्डू मोदक का भोग चढ़ायें तुम्हें ,
सारे देवों से पहले मनायें तुम्हें,
नाम सुमरन करें शीश चरनन धरें,
पार भव से उतारो मैं तर जाऊंगा,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20300/title/shiv-ke-pyaare-ganesh-kato-vidhan-kalesh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |